प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लखनऊ और प्रयागराज समेत देश के 45 जगहों पर आयोजित रोजगार मेलों को वर्चुअली करेंगे संबोधित : 71 हजार से अधिक युवाओं को प्रदान करेंगे नियुक्ति पत्र।
2. प्रदेश में 13 सौ 31 परीक्षा केन्द्रों पर आज शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई पीसीएस 2024 की प्रारंभिक परीक्षा।
3. राज्य के 15 जिलों में सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत 13 दिनों में 27 लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग : दो लाख से अधिक टीबी रोगी मिले।

और

4. अयोध्या में दिव्य और भव्य ढंग से मनाई जायेगी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की पहली वर्षगांठ : तीन दिवसीय रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 11 जनवरी से होगा शुरू।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह साढ़े दस बजे विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के दो स्थानों लखनऊ और प्रयागराज समेत देश के 45 जगहों पर आयोजित रोजगार मेलों में केन्द्र सरकार के विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्तियों के लिये 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी उपस्थित लोगों

को संबोधित भी करेंगे। देशभर से चयनित नये कर्मचारी गृहमंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट..

*देशभर में 45 जगहों पर आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के क्रम में लखनऊ के बिजनौर में होने वाले रोजगार मेले में विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और प्रयागराज के फाफामऊ में केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल अलग–अलग पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिये सार्थक मौका प्रदान करेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

———————————

पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 आज प्रदेश के 75 जनपदों में कुल 1331 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए सभी जिलों में प्रभावी व्यवस्थाएं की गई थी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा–पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा–2024 आज प्रदेश के 1331 केंद्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई। पीसीएस के 220 पदों पर भर्ती के लिए 576154 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए*

*गए थे। प्रश्न पत्रों को डिजिटल लॉकर वाले बॉक्स में रखकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। इस बार प्रत्येक केंद्र पर एक स्टेटिक और एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि, इससे पूर्व तीन परीक्षा केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाती थी। परीक्षा केंद्र पर हर परीक्षार्थी की पहचान के लिए आइरिश स्कैनिंग के पश्चात अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर होलोग्राम चस्पा किए गए। परीक्षा शुचिता के चलते पहली बार यह परीक्षा सभी 75 जिलों में सम्पन्न हुई। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

—————————

**केन्द्र सरकार के सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत प्रदेश के 15 जिलों को चिन्हित किया गया है। अभियान के तहत पिछले 13 दिनों के दौरान दो लाख से अधिक टीबी रोगियों की पहचान की गई। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान में राज्य के 15 जनपद– अयोध्या, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया, इटावा, अमेठी, बस्ती, फर्रूखाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर और सुल्तानपुर शामिल किये गये हैं, जहां टीबी के मामलों की दर अपेक्षाकृत ज्यादा है। विशेष अभियान में टीबी के उन रोगियों को तलाश करने पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिनकी अब तक पहचान नहीं हुई। पिछले 13 दिनों के दौरान 27 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जबकि 35 हजार से अधिक लोगों का माइक्रोस्कोपी और 26 हजार से ज्यादा लोगों का एनएएटी परीक्षण किया गया। इस दौरान दो लाख 20 हजार 520 टीबी रोगियों की पहचान की गई। यह टीबी मुक्त अभियान आगामी साल 24 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक संगठनों के साथ मिलकर व्यापक जागरूकता भी फैलाई जा रही है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी तरीके से निपटाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री योगी ने अधिकारियों को जन समस्याओं के जल्दी निस्तारण के प्रति संवेदनशील रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान में किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 दिसंबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंग। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 117वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी ऐप या माई गाव

ओपन फोरम क माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 27 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव अगले महीने 11 तारीख से शुरू होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने मीडिया को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पहली वर्षगांठ दिव्य और भव्य ढंग से मनाई जायेगी। श्री राय ने बताया कि इस दौरान होने वाले कार्यक्रम अलग–अलग स्थानों पर सम्पन्न होंगे। बाइट.....

*प्रतिष्ठा का पहला वर्ष पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी, तीन दिन का कार्यक्रम करेंगे। 11 जनवरी, 12 जनवरी, 13 जनवरी। पांच अलग–अलग स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। पहला स्थान है यज्ञ मंडप, इसमें जनता नहीं जा पायेगी, जिसको हम बुलायेंगे वहीं आ पायेगा। दूसरा स्थान है राम जन्मभूमि मंदिर के अंदर के हिस्से वहां भी कोई*

*अन्य नहीं जा पायेगा और तीसरा स्थान है यात्री सुविधा केन्द्र और चौथा स्थान है अंगद टीला प्रांगढ़।*

श्री राय ने इस महीने के आखिर तक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर सहित सभी 18 मंदिरों के पूरे होने का दावा भी किया। उन्होंने बताया कि इस साल लगभग 3 करोड़ श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके हैं। वार्षिक उत्सव के दौरान भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित आध्यात्मिक विषयों पर प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

——————————

अगले महीने प्रयागराज में शुरू होने वाले महाकुंभ के लिये प्रभावी व्यवस्थाएं की जा रही है। इस विश्वस्तरीय धार्मिक–सांस्कृतिक आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिये अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। इसी क्रम में लखनऊ–प्रयागराज मार्ग को बटरफ्लाई लाइटिंग से सजाया जायेगा। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और खास मेहमानां को मुख्य मार्गो तथा चौराहों पर मनुहारी लाइटों की सजावट देखने को मिलेगी। मंडलायुक्त डॉ0 रौशन जैकब ने मीडिया को बताया कि महाकुंभ के सिलसिले में लखनऊ मंडल में सभी जरूरी व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया जा रहा है।

——————————

वहीं मध्य रेलवे ने महाकुंभ के लिए चौंतीस विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। यह विशेष रेलगाड़ियाँ

मुंबई, पुणे, नागपुर और अन्य शहरों से चलाई जायेंगी। कुंभ मेले के लिए विशेष रेलगाड़ियों की टिकट बुकिंग शुरू हो गयी है। इन विशेष रेलगाड़ियों में बिना आरक्षण के भी यात्रा की जा सकेगी। इधर, पूर्वोत्तर रेलवे ने भी महाकुंभ मेले को देखते हुए चार एक्सप्रेस ट्रेनों के दस जनवरी से अट्ठाइस फरवरी तक नैनी स्टेशन पर दो मिनट के अस्थाई ठहराव का फैसला किया है।

——————————

प्रसार भारतो के चेयरमैन और क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि केन्द्र सरकार खेलों को प्रोत्साहित करने के लिये हर तरह की सहायता उपलब्ध करा रही है। श्री सहगल आज लखनऊ में महिला क्रिकेट लीग में विजेताओं को पुरस्कार देने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं विशेष रूप से महिलाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का आह्वान किया। बाइट.....

*प्रतिभायें हमारी जो है वो समाज में हर वर्ग में है महिलायें। चूंकि आधे से आधे के आसपास है पूरी दुनिया में हमारे जो महिलाओं की प्रतिभा है वो अभी तक छुपी रहती थी उसको आगे लाना बहुत जरूरी है। आप आगे आये। आप में जो प्रतिभायें है उसका भी तो देश की प्रगति में उसका भी उपयोग होना चाहिये। सरकार कम समय खेलों पर बहुत जोर दे रही है और प्रोत्साहन भी दे रही है तो ऐसे में हमारे जो बच्चे वो आगे आये, खेले।*

(समाप्त)